# वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 | अंक-67 | सागवाड़ा, रविवार, 31 अक्टूबर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## सालों से काबिज लोगों को पट्टा देकर मालिकाना हक देना ही शिविर का उद्देश्य

### कलेक्टर सुरेश कुमार ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ कर्मचारियों की बैठक ली

**डूंगरपुर।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत रविवार को कलेक्टर सुरेश कुमार ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ कर्मचारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का फायदा पहुंचाने के निर्देश दिए। राज्य सरकार के निर्देशों के तहत प्रशासन शहरों के संग अभियान के सफल क्रियान्वयन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के लिए कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने नगर परिषद में एक बैठक ली।

बैठक की अध्यक्षता सभापति अमृत कलासुआ और विशिष्ठ अतिथि आयुक्त नरपत सिंह राजपुरोहित ने की। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्षों से वंचित मकान मालिकों को उनके मालिकाना हक के तहत पट्टा देकर उन्हें स्वामित्व प्रदान करना उद्देश्य है। शिविर के अन्तर्गत 69 ए के तहत मात्र 501 रुपए में पट्टा जारी किया जाएगा, जिसमे यदि किसी भूखंड पर नीचे दुकान और ऊपर मकान बना है। मिश्रित उपयोग का पट्टा शिविर के अंतर्गत जारी किया जाएगा। अभियान के दौरान ही 300 वर्ग मीटर तक नामांतरण के लिए आवेदन लगाए जाने पर मात्र 1000 रुपए के शुल्क पर नामांतरण किया जाकर नया पट्टा जारी किया जाएगा।

## कार की सीट पर छुपाकर ले जा रहा था 376 ग्राम सोना और 19 किलो चांदी, चालक हिरासत में

### बिछीवाड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुजरात से आ रही एक कार की तलाशी

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने गुजरात से आ रही एक कार से अवैध सोना और चांदी बरामद किया है। वही कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बिछीवाड़ा पुलिस को सूचना मिली कि एक कार से सोने-चांदी की तस्करी हो रही है। इस पर बिछीवाड़ा पुलिस ने गुजरात की ओर से आ रही एक कार को रुकवाकर पूछताछ की तो चालक सही जवाब नही दे सका। इस पर पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार के पीछे की सीट के नीचे छुपाकर रखी सोने और चांदी के जेवरात व अन्य चीजें बरामद किए। चालक रमेश रावल निवासी मझौले इन सोने-चांदी में किसी तरह के कागजात पेश नहीं कर पाया, जिस पर पुलिस ने सोने-चांदी को जब्त करते हुए चालक से पूछताछ की जा रही है। कार से 340 ग्राम सोने के आइटम ओर 19 किलो 976 ग्राम चांदी के आइटम बरामद किए गए है।

## ट्रेक्टर-ट्रोली से सुखी घास की आड़ में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई

### 55 कार्टन शराब बरामद, दो तस्करों को गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रोली से सुखी घास की आड़ में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रोली से 55 कार्टन शराब बरामद की है।



बिछीवाडा थानाधिकारी रंजित सिंह ने बताया की मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी की। इस दौरान बिना नम्बर की एक ट्रेक्टर-ट्रोली आई। जिसमे सुखी घास भरी हुई थी। पुलिस ने जब ट्रेक्टर-ट्रोली की जांच की तो सुखी घास की आड़ में शराब के कार्टन भरे हुए थे। जिस पर पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रोली को जब्त करते हुए दो तस्करों को हिरासत में लिया वही ट्रेक्टर ट्रोली से 55 कार्टन शराब बरामद की। इधर पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया।

वही पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## आयुर्वेद चिकित्सकों के एक दल ने हिडीम्ब वन क्षेत्र का भ्रमण किया



**डूंगरपुर।** जिले के आयुर्वेद चिकित्सकों के एक दल ने आज गुजरात राज्य की सीमा से सटे हिडीम्ब वन क्षेत्र का भ्रमण किया और आयुर्वेदिक औषधीय वनस्पतियों की तलाश की। इसके तहत परिक्षेत्र में बहुतायत मात्रा में उपलब्ध वनौषधियो की खोज, पहचान एवं उपयोगिता जानने के प्रयास किये। कार्यक्रम प्रभारी व संभागीय समन्वयक डॉ. अभयसिंह मालिवाड ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में 25 चिकित्सकों का दल बनाकर उपनिदेशक डॉ प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व में भादर नदी के तटीय क्षेत्र से गुजरात के आलदरी माता धोध, बाकोर - पाण्डरवाडा से कलेश्वरी मंदिर तक भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि हिडिम्बा वन क्षेत्र के नाम से प्रख्यात इस क्षेत्र में कुटज, चक्रमर्द,अर्जुन, शाल्मली, मौलश्री, पलाश, शरपुंखा, भृंगराज, लटजीरा, बला, ढाक, धोक, पुनर्नवा, कंटकारी, रक्त रोधी, वन तुलसी, वन पलाण्डू, अश्वगंधा, निर्गुण्डी जैसी औषधीयां दिखाई दी।

विभाग के द्रव्यगुण विशेषज्ञ और संभागीय अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद डा महेशदत्त दाधीच ने उन औषधियों की जानकारी देते हुए विविध रोगो में उनकी उपयोगिता की जानकारी देते हुए औषधियों के निर्माण की प्रक्रिया को समझाया।

## दीपावली व धनतेरस के पहले ही शहर के बाजार हुए गुलजार



**सागवाड़ा।** दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक लौट आई है। दुकानों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

खरीदारी के कारण बाजार में दिन भर जाम की स्थिति बन रही है। सुबह से ही लोग बाजार पहुंच रहे हैं। दिवाली के लिए कलेंडर, नए कपड़े, रसोई के सामान, बंधनवार, मालाएं, आभूषण, घर के सजावट के सामान, गिफ्ट व बच्चों के लिए मिट्टी का घरौंदा आदि की खूब खरीदारी हो रही है।

## बेणेश्वर धाम पर युवाओ ने किया सफाई कार्य

**साबल।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत युवा मामले, खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सानिध्य में नेहरू युवा केन्द्र संगठन डूंगरपुर-बांसवाड़ा के द्वारा साबला पंचायत समिति के सहयोग से बेणेशवर धाम पर स्वच्छ भारत कार्यक्रम किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 146 वी जन्म जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर बांसवाडा-डूंगरपुर के प्रत्येक ब्लाक से सैकड़ो युवाओं ने बेणेश्वर धाम के बाजारों, मैदान, मंदिरों के आसपास व नदी की सीढ़ियों पर श्रमदान किया और सिंगल यूज प्लास्टिक का संग्रहण कर प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश दिया। साथ ही आसपास के लोगो को यह सन्देश दिया।

## युवा कांग्रेस ने कोरोना वारियर्स सम्मान किया

### 50 से अधिक महिला चिकित्साकर्मियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया



**डूंगरपुर।**

राजस्थान युवा कांग्रेस द्वारा कोरोना वारियर्स सम्मान समारोह आयोजित किया गया। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा के मुख्य आतिथ्य में जिला अस्पताल परिसर में आयोजित हुए समारोह में 50 से अधिक महिला चिकित्साकर्मियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा ने स्व. इंद्रा गांधी का देश के विकास में योगदान ओर उनके बलिदान के बारे में बताया। वही कोरोना काल में चिकित्साकर्मियों द्वारा किये गए कार्यो की सराहना करते हुए उनकी हौसला अफजाई की।

समारोह के बाद गणेश घोघरा ने जिला कांग्रेस कमेटी एवं हॉस्पिटल चौराहे पर स्व. गांधी तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा एवं तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमे सभी यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गांधीजी को आवरण नहीं अन्तर्मन से अपनाएं : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के जीवन मूल्य एवं सिद्धान्त देश और दुनिया के लिए धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि गांधीजी को आवरण के रूप में नहीं अन्तर्मन से आत्मसात करना होगा तभी लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को अक्षुण्ण रखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि असहिष्णुता के दौर में बापू के सत्याग्रह के सिद्धान्त की प्रासंगिकता और प्रबल हुई है। गहलोत रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'सत्याग्रह की वर्तमान में प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर सीकर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधीजी की प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण किया। साथ ही सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर




से गांधीजी के जीवन एवं दर्शन पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी 'गांधी दर्शन आजादी से पूर्व और आजादी के पश्चात गौरवशाली यात्रा' का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधीजी के नेतृत्व में स्वतंत्रता आंदोलन का जो स्वर्णिम इतिहास लिखा गया है। उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है ताकि देश का युवा जान सके कि अहिंसा के रास्ते पर चलकर किस तरह मुल्क को विदेशी ताकतों से मुक्त कराया गया। आज दुनिया में हिंसा और आतंक का जो माहौल बना हुआ है। गांधीजी की विचारधारा इन समस्याओं का कारगर हल है। उन्होंने कहा कि गांधीजी के अहिंसा के सिद्धान्त को संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी मान्यता दी। यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी और तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र ने यह प्रस्ताव पारित किया कि गांधीजी के जन्म दिवस, 02 अक्टूबर को 'अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

## नेमिनाथ नगर सागवाड़ा में पूरा करे मकान का सपना

### सागवाडा की सब से बड़ी आवासीय कॉलोनी, 100 मकान बन कर तैयार, बैंक लोन पर 2लाख 67 हजारकी सब्सिडी का लाभ



**सागवाड़ा।** नेमिनाथ नगर सागवाड़ा में बड़े शहरों की तर्ज पर सोसायटी बनाई जा रही है। सागवाड़ा की सबसे बड़ी आवासीय कालोनी में रविवार को बड़ी संख्या में लोगों नेमिनाथ नगर पहुंचे और निर्माणाधीन मकानों का अवलोकन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया और आदिश खोडनिया ने लोगों का स्वागत किया। आदिश खोडनिया ने बताया कि तीन केटेगरी के मकान बनाए गए है। वर्तमान में 100 मकान बनाए गए है जिसमें 74 बेच दिए है 45 मकान में लोग रह रहे है। आदिश ने बताया कि मकान के लिए 90 प्रतिशत लोन उपलब्ध रहेगा। 1बीएचके, 2 बीएचके और 3 बीएच के मकान उपलब्ध है। मकान निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा है। मकान के निर्माण में उच्च क्वालिटी का मटेरियल उपयोग में लिया गया है। सभी कार्य की पांच साल तक की वारंटी भी दी जा रही है। 20 मकानों पर एक बागीचा और चिल्ड्रन प्ले ऐरिया डवलप किया जाएगा। मकान पर लिये जाने वाले लोन पर सब्सीडी 2लाख 67 हजार की दी जा रही है। खोडनिया ने बताया कि बड़े शहरों की तरह सोसायटी बनाई जा रही है।

## पूर्व पीएम स्व. इंदिरा गांधी व सरदार वल्लभ पटेलको याद किया

**डूंगरपुर।** जिले में कांग्रेस पार्टी ने पूर्व पीएम स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार वल्लभ पटेल की जयंती मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजली कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने दोनों नेताओं की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए दोनों नेताओं को नमन करते हुए उन्हें याद किया। वही इसके बाद संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। संगोष्ठी में कांग्रेसी नेताओं ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये गये सिद्धांतो पर चलने का आव्हान किया। आधुनिक भारत के शिल्पकार, राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार, भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष 'भारत रत्न' श्रद्धेय सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जन्म जयंती के अवसर पर आज पाटीदार चौक चितरी में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुर्व प्रधान शंकरलाल डेचा, प्रधान जयप्रकाश पारगी, उपप्रधान कमला डैंडोर, मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाटीदार, महामंत्री जयकान्त पंवार, भोपालसिंह पंवार, चन्दनसिंह चौहान, वासुदेव सेवक, कालुराम पाटीदार,









रतनजी पाटीदार, रीना व्यास, रविना कलाल, ममता पाटीदार, डाई पाटीदार, जीवणलाल पाटीदार,सुखलाल भाटिया, गोकलजी पाटीदार, सुखलाल पाटीदार, कालुराम डेंडोर, इनानु बामणिया, देवीलाल पाटीदार,कालुराम खांट, झुझारसिंह सोलंकी, राजेश पारगी, महेश पाटीदार, अम्बालाल पाटीदार, विनोद माली, भोगीलाल पाटीदार मौजूद थे। युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य हरीश अहारी के नेतृत्व में गांव सेमलिया पंड्या में पुष्पांजली दे कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ट कार्यकर्ता सुरेश जी भट्ट, अरविंद जी शाह, दिनबंदू जी पांड्या, वासुदेव यादव, कल्पेश पंड्या, भगवान पाटीदार, गोतम पाटीदार, महेश पाटीदार, सचिन पाटीदार, विवेक पाटीदार, बापुलाल पाटीदार, निखिल पंड्या मौजूद थे। राष्ट्रीय एकता दिवस (सरदार पटेल जयंती) पर आज सरदार पटेल की जन्म जयन्ती के अवसर पर पटेल सर्कल नये हॉस्पिटल के पास सरदार पटेल की प्रतिमा पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय समृति मंच के सदस्यों ने माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह पीठ ने स्वागत किया।उपसभापति सुदर्शन जैन ने राष्ट्रनायक , राष्ट्र प्रणेता, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा भारत के एकीकरण में किये अभूतपूर्व सहयोग के बारे में बताते हुए कहा कि इनके मार्गदर्शन पर हमें चलने की आवश्यकता है।प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश श्रीमाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के बारे में कुछ कहना सूर्य को दीया दिखाने के बराबर है।